Title : Need to ensure safety of stamp papers lying at Nasik road railway station for onward transport to various destinations in the country.

(v) Need to ensure safety of stamp papers lying at Nasik road

railway station for onward transport to various destinations

in the country

श्री हरिश्चंद्र चव्हाण (मालेगाँव) : मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत नाशिक रोड़ में भारत सरकार के प्रतिभूति मुद्रणालय में स्टाम्प पेपर की छपाई होती है और स्टाम्प पेपर रेलवे डाक विभाग द्वारा रेल गाड़ियों द्वारा देश के विभिन्न राज्यों को पार्सल बना कर भेजने का प्रावधान है। नाशिक रोड़ रेलवे स्टेशन पर डाक विभाग कार्यालय से 100 से 150 तक पार्सल, जिनमें से एक पार्सल में बड़े पैमाने पर स्टाम्प पेपर रहते हैं, लेकिन पूरे पार्सल रेल गाड़ियों पर नहीं लादे जाते हैं और वहीं नाशिक रोड़ स्टेशन पर बिना सुरक्षा के पड़े रहते हैं और दूसरे दिन भेजे जाते हैं। रेल सुरक्षा कर्मचारी स्टाम्प पेपर के सभी पार्सल उसी दिन गाड़ी में इसलिए लदान नहीं करते हैं, क्योंकि उन्हें आर्थिक लाभ नहीं प्राप्त होता है। यदि कभी सुरक्षा के अभाव में ये स्टाम्प पेपर चोरी हो जाएं तो सरकार को भारी नुकसान हो सकता है।

अतः मैं आपके माध्यम से संबंधित मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूं कि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश पारित करने का क्ट करें।